त्योहारों पर बाजारों में जबरन वसूली नहीं कर पाएंगे किन्नर

कपड़ा एसोसिएशन ने तय किया नेग

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में त्योहारों पर किन्नर जबरन वसूली नहीं कर पाएंगे. इसका कारण यह है कि इंदौर कपड़ा मार्केट एसोसिएशन ने रक्षाबंधन से लेकर दूसरे त्यौहार पर नेग की राशि तय कर दी है. इसके तहत हर दुकान से राखी और होली पर दो सौ और दीपावली पर 5 सौ रुपए किन्नरों को दान दिया जाएगा. त्योहारों पर किन्नर समुदाय द्वारा नेग की बढ़ती राशि की मांग से परेशान होकर शहर के कपड़ा व्यापारियों ने फैसला किया है. इस रक्षाबंधन पर क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन द्वारा किन्नरों को प्रति दुकान दो सौ ही दिए जाएंगे. दरअसल, रक्षाबंधन पर हर साल रिहायशी इलाकों के समूह के लोगों को दो सौ रुपए प्रति दुकान रक्षाबंधन पर देने का फैसला किया है. निर्धारित नेग से त्यौहार पर शांति और भाईचारा बना रहे -गारमेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि आगामी रक्षाबंधन, होली व दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनज़र इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने शहर के व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि किन्नर समुदाय के साथ पूर्व में निर्धारित नेग राशि ही दान करें.

किन्नर गुरु मंगला बोलीं-विवाद की कोई स्थिति नहीं-उक्त मामले में किन्नर गुरु मंगला गौरी नंद गिरी का कहना है कि शुरुआत से ही क्लॉथ मार्केट से हमारे द्वारा इतनी ही दान राशि ली जा रही है. बाजार में विवाद अथवा अधिक मांग जैसी कोई बात नहीं है.

अलावा तमाम बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से किन्नरों द्वारा जबरिया वसूली जाने वाली नेग व दान राशि एक हजार से लेकर ढाई हजार रुपए तक मांगी जाती है. इस कारण हर साल बाजारों में दुकानदारों और किन्नरों के बीच विवाद की स्थिति बनती है. उक्त विवाद की स्थिति से निपटने के लिए पिछले साल ही नंदलालपुरा के दोनों किन्नर समूहों व इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के बीच आपसी सहमति बनी थी. आपसी सहमति के तहत व्यापारिक एसोसिएशन ने रक्षाबंधन एवं होली पर प्रति दुकान दो सौ रुपए तथा दीपावली पर 5 सौ रुपए किन्नरों की नेग राशि तय की गई थी. इस साल फिर किन्नरों द्वारा अधिक राशि की मांग के चलते एसोसिएशन ने किन्नरों को पिछले साल बनी सहमति याद दिलाई. सभी व्यापारियों से नंदलालपुरा के दोनों किन्नर

शहर में किन्नरों द्वारा लगातार बढ़ाई जा रही है दान राशि की मांग

इंदौर में हजारों की संख्या में व्यापारिक प्रतिष्ठान और आवासीय इलाके हैं. शहर में नंदलालपुरा के दो किन्नर समुदाय विभिन्न समूहों में अलग-अलग क्षेत्र को आपस में बांटकर नेग लिया जाता है, जो की सलाना करोड़ों रुपए होता है. वहीं हर त्योहार और विभिन्न अवसरों पर प्रति घर और दुकानों से किन्नरों द्वारा न्यूनतम 500 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक मांग की जाती है. साथ ही घरों में बच्चों के जन्म, शादी विवाह के अवसर पर यह राशि 50000 से लेकर 51000 तक हो जाती है. ऐसी स्थिति में कई लोग इतनी राशि नहीं दे पाते है और उस दौरान किन्नरों द्वारा गंदी गालियां और अशोभनीय व्यवहार किया जाता है. कई बार मारपीट की नौबत आ जाती हैं. विगत दिनों इंदौर के तुलसी नगर में 51000 हजार रुपए की मांग पूरी नहीं होने के कारण किन्नरों ने जबरदस्ती घर में घुसकर अश्लील हरकतें शुरू कर दी थी. एक महिला को बाल पकड़ कर नीचे गिरा दिया था और उसके हाल ही में जन्मे बच्चे को जान से मारने की धमकी दे दी गई थी. इतना ही नहीं घर में घुसकर किन्नरों ने समान तहस-नहस कर दिया था. मारपीट के इस मामले में किन्नरों के खिलाफ थाने मामला भी दर्ज हुआ था और इसके बाद पुलिस ने समझौता कराया था.

हाईकोर्ट का आदेश किन्नरों को वसूली का अधिकार नहीं

देश में ऐसे कई मामलों से परेशान लोगों की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 28 जून 2026 को याचिका दायर की गई थी. हाइकोर्ट ने उक्त मामले में महत्वपूर्ण फैसले देते हुए आदेश दिए थे कि किन्नर समुदाय को मांगलिक अवसरों पर जबरन नेग या बधाई वसूली का कानूनी अधिकार नहीं है. अदालत ने इसे भारतीय न्याय संहिता के तहत आपराधिक कृत्य बताया है. कोर्ट ने आदेश में कहा है कि किन्नर समुदाय के पास पारंपरिक रूप से नेग या बधाई मांगने का कोई संवैधानिक या कानूनी अधिकार

बारिश का आंकड़ा 16 इंच अभी भी 4 इंच बारिश कम

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर में आज सुबह हल्की बारिश हुई, लेकिन झमाझम बारिश के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा. इसका कारण यह है कि इंदौर के आसपास कही भी कम दबाव का क्षेत्र नहीं बन रहा है। हां, मगर सावन के सेहरे चलते रहने की संभावना बताई जा रही है.

आज सुबह शहर में 4.7 मिलीमीटर बारिश हुई. इसको मिलाकर शहर में बारिश का आंकड़ा 16 इंच यानि 400 मिलीमीटर तक पहुंच गया है. शहर में आज शाम 399.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है. यह बात अलग है कि अभी तक कुल बारिश कर आंकड़े से 4 इंच बारिश कम हुई है. मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला के अनुसार इंदौर और मध्य प्रदेश में कोई बड़ा प्रभावी कम दबाव का क्षेत्र नहीं है. प्रदेश के उत्तर प्रदेश से लगे हिस्सों में बारिश हो रही है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में बारिश का प्रभावी सिस्टम सक्रिय है. उत्तरी मध्य प्रदेश के जिलों में भी बारिश खंड खंड में हो रही हैं. इंदौर और आसपास के इलाकों में अभी तीन चार दिन कोई सेंटीमीटर यानि इंच में बारिश होने की संभावना नहीं है.

एक नजर में

भारत को 350-435 अरब डॉलर निवेश की आवश्यकता

इंदौर. ओम्नीसाइंस कैपिटल ने आज अपनी नवीनतम रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अर्थव्यवस्था की तेज़ी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को वर्ष 2030 तक 350 से 435 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी. रिपोर्ट के अनुसार, एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा लोकलाइजेशन की बढ़ती मांग देश में डेटा सेंटर क्षमता के अभूतपूर्व विस्तार को गति देगी तथा भारत को वैश्विक एआई इकोसिस्टम में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. ओम्नीसाइंस कैपिटल के सीईओ एवं मुख्य निवेश रणनीतिकार, डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक संरचना को पुनर्परिभाषित करने वाली शक्ति है. भारत के पास इस परिवर्तन का नेतृत्व करने का ऐतिहासिक अवसर है. यदि नीति, पूंजी और डिजिटल अवसंरचना में समयबद्ध एवं समन्वित निवेश किया जाता है, तो भारत वैश्विक एआई वैल्यू चेन का प्रमुख केंद्र बन सकता है.

मल्टी एसेट फंड चुनने के तरीके पर दोबारा विचार करें

इंदौर. डीएसपी म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट एलोकेशन श्रेणी के लिए एक नया डिजिटल कंपेन शुरू किया है. इसका उद्देश्य निवेशकों को हाल में मिले रिटर्न से आगे बढ़कर यह समझ बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है कि इन फंडों की किसी निवेश पोर्टफोलियो में क्या भूमिका होती है. यह अभियान इस आकलन पर आधारित है कि मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी जरूर है, लेकिन कई निवेशक अपनी पड़ताल की शुरुआत इस श्रेणी से जुड़ी अलग-अलग उम्मीदों के साथ करते हैं कि आखिर ये फंड किस तरह का लाभ देने के लिए बनाए गए हैं. अभियान के बारे में बात करते हुए डीएसपी म्यूचुअल फंड में हेड मनीष राठी ने कहा जब हमने यह विश्लेषण किया कि निवेशक मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों के बारे में किस तरह सर्च कर रहे हैं, तो हमें पता चला कि सभी निवेशक एक जैसा जवाब नहीं खोज रहे थे. यह अभियान निवेशकों को बेहतर सवाल पूछने और यह समझने में मदद करता है कि मल्टी एसेट एलोकेशन फंड वास्तव में किस उद्देश्य के लिए बनाए गए हैं तथा उनसे क्या यथार्थवादी अपेक्षाएं रखी जानी चाहिए. इसी से यह माना जाएगा कि यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल रहा.

वसुधा वस्त्रम एमेजॉन की मदद से पूरे में पहुँचा रहा

इंदौर. सस्टेनेबल भारतीय फैशन को सभी तक पहुँचाने का एक सपना आज एक ऐसे ब्रांड में बदल चुका है, जो एमेजॉन की मदद से मेट्रो शहरों से लेकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के ग्राहकों तक पहुँच रहा है. वसुधा वस्त्रम ने एमेजॉन.इन पर अपनी शुरुआत के बाद से लगातार गुजरात से बाहर अपने ग्राहक वर्ग का विस्तार किया. इस ब्रांड ने बैंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, पुणे, दिल्ली, कोलकाता और कई अन्य शहरों के ग्राहकों को आकर्षित किया। यह ब्रांड हजारों ग्राहकों को हाथों से बने, सस्टेनेबल वस्त्र उपलब्ध करा रहा है, जो भारत में टेक्सटाईल की समृद्ध विरासत से प्रेरित हैं. भारत में 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जा रहा है. इस अवसर पर वसुधा वस्त्रम का सफर प्रदर्शित कर रहा है कि भारत की पारंपरिक टेक्सटाईल तकनीकें किस प्रकार डिजिटल कॉमर्स की मदद से नए ग्राहकों तक पहुँच रही हैं. वसुधा वस्त्रम के फाउंडर, दीपेन टेलर ने बताया वसुधा वस्त्रम में हर कपड़ा प्रकृति, कुशल कारीगरों और समझदार विकल्पों की एक कहानी कहता है.

नए एफडीआई नियम से 1.8 करोड़ एमएसएमई होंगे सशक्त

इंदौर. एम्पावर इंडिया ने अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों के परामर्श से भारत सरकार द्वारा मेक इन इंडिया उत्पादों के इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाने वाले ऐतिहासिक प्रत्यक्ष एफडीआई नियम सुधार का स्वागत किया है. विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यह नीति भारत के 1.8 करोड़ विनिर्माण एमएसएमई के लिए परिवर्तनकारी अवसरों का द्वार खोलती है. इस अवसर पर एम्पावर इंडिया के महानिदेशक के. गिरी ने कहा यह नीति एक स्पष्ट और सशक्त संदेश देती है कि भारत बड़े पैमाने पर विनिर्माण के लिए तैयार है. मेक इन इंडिया के तहत उत्पादन करने की इच्छुक वैश्विक कंपनियों को अब एफडीआई समर्थित ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस के माध्यम से सीधे वैश्विक बाज़ारों तक पहुंच का मार्ग मिलेगा. केवल निर्यात के उद्देश्य से इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स में एफडीआई की अनुमति देकर सरकार ने यह स्वीकार किया है कि वस्त्र, हस्तशिल्प, मसालों और अन्य वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उत्पाद बनाने वाले भारत के 1.8 करोड़ एमएसएमई क्षमता की कमी से नहीं, बल्कि आवश्यक अवसंरचना के अभाव के कारण बड़े पैमाने पर निर्यात नहीं कर पा रहे थे. यह सुधार उसी बाधा को समाप्त करता है.

ऑडी इंडिया ने अपना ग्रोथ रोडमैप दिखाया

इंदौर. ऑडी इंडिया विकास के अगले चरण में कदम रख रही है. कंपनी का पूरा ज़ोर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और देशभर में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर है. कंपनी ने 2027 तक तीन नए प्रोडक्ट लॉन्च करने की पुष्टि की है. इसकी शुरुआत आने वाले त्योहारी सीजन में नई ऑडी क्यू3 से होगी. इसके बाद 2027 में अगली पीढ़ी की ऑडी ए5 और फ्लैगशिप ऑडी क्यू9 लॉन्च होंगी. ऑडी इंडिया की योजना 2027 के अंत तक अपने रिटेल नेटवर्क को 25% से ज़्यादा बढ़ाने की भी है, जिसमें टियर-2 और टियर-3 बाजारों पर ज़्यादा ध्यान दिया जाएगा. ऑडी इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा हम नए उत्पादों की एक मजबूत पाइपलाइन और बाजार में लगातार निवेश के दम पर ऑडी इंडिया के विकास का अगला चरण बना रहे हैं. जैसे-जैसे हम अलग-अलग कैटेगरी में नए मॉडल ला रहे हैं, हमारा ध्यान भारतीय लक्ज़री कार बाजार में ज़्यादा विकल्प देने और अपनी मौजूदगी को मजबूत करने पर है. हम अगले तीन वर्षों में अपनी बाजार हिस्सेदारी को मौजूदा 8% से दोगुना करना चाहते हैं.

सैमसंग ने शुरू किया बेस्पोक एआई फेस्ट

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी विशेष सेल द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट की घोषणा की है. 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत कंपनी अपने बेस्पोक एआई होम अप्लायंसेज़ पर आकर्षक ऑफर्स और कैशबैक दे रही है. इसका उद्देश्य आधुनिक तकनीक के जरिए रोजमर्रा के घरेलू कामों को आसान बनाकर उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और समय उपलब्ध कराना है. सैमसंग के एआई-संचालित रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और वॉशर-ड्रायर कॉम्बो जैसे स्मार्ट होम अप्लायंसेज़ घरेलू कामों को आसान बनाने के साथ-साथ समय की बचत में भी मदद करते हैं. कंपनी का कहना है कि इन स्मार्ट सॉल्यूशंस की मदद से परिवार घर के कामों में कम समय देकर अपनों के साथ अधिक समय बिता सकते हैं. देश की आज़ादी के वर्ष 1947 को खास अंदाज में याद करते हुए कंपनी चुनिंदा बेस्पोक एआई अप्लायंसेज़ पर 19,470 रुपये तक का कैशबैक दे रही है. कंपनी का कहना है कि इस पहल के जरिए वह ज्यादा से ज्यादा भारतीय घरों तक एआई-बेस्ड स्मार्ट होम सॉल्यूशंस पहुंचाने की अपनी कोशिश जारी रखेगी.

सैमसंग ने गैलेक्सी जेड फोल्ड व फ्लिप की डिलीवरी शुरू की

इंदौर. सैमसंग ने आज ऐलान किया कि भारत में जिन ग्राहकों ने अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 पहले से बुक किए थे, उन्हें अब जल्दी डिलीवरी दी जा रही है. इन तीनों फोन को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। 22 जुलाई को भारत में लॉन्च होने के सिर्फ 72 घंटों के अंदर ही 2.71 लाख से ज्यादा प्री-ऑर्डर मिल चुके थे. इसकी तुलना में, पिछली पीढ़ी के गैलेक्सी जेड फोल्ड7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप7 को इतने ही प्री-ऑर्डर तक पहुंचने में 15 दिन लगे थे. इससे साफ पता चलता है कि फोल्डेबल तकनीक अब आम लोगों तक और तेज़ी से पहुंच रही है. अपने प्री-बुक किए गए गैलेक्सी जेड8 सीरीज़ के फोल्डेबल स्मार्टफोन लेने के लिए बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में बड़ी संख्या में ग्राहक जुटे। इस भीड़ को आसानी से संभालने के लिए सैमसंग ने वहां टोकन सिस्टम लागू किया.

इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल को झींझक में मिला अतिरिक्त ठहराव

8 अगस्त से लागू होगी व्यवस्था

नवभारत न्यूज़

इंदौर. इंदौर और सूबेदारगंज के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को यात्रियों की सुविधा के लिए झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है. पश्चिम रेलवे के अनुसार यह व्यवस्था अगस्त से सितंबर के अंत तक प्रभावी रहेगी.

नई व्यवस्था के तहत ट्रेन संख्या 04170 इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल 8 अगस्त से 29 सितंबर 2026 तक झींझक स्टेशन पर दो मिनट रुकेगी. ट्रेन दोपहर 3.55 बजे पहुंचेगी और 3.57 बजे रवाना होगी. वहीं, ट्रेन संख्या 04169 सूबेदारगंज-इंदौर स्पेशल 7 अगस्त से 28 सितंबर 2026 तक झींझक स्टेशन पर सुबह 9.03 बजे पहुंचेगी और 9.05 बजे प्रस्थान करेगी. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त ठहराव से झींझक और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को इंदौर तथा प्रयागराज सूबेदारगंज के लिए बेहतर रेल सुविधा मिलेगी. यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन के समय और अन्य अपडेट भारतीय रेलवे की आधिकारिक पूछताछ वेबसाइट और रेलवन ऐप पर देखने की अपील की गई है.

जल नेटवर्क वाले राज्यों में रियल-टाइम फील्ड मॉनीटरिंग आवश्यक : सिलावट

12वां आईएसएफएमजी-2026 इंदौर में शुरू, 30 देशों के 250 से अधिक विशेषज्ञ जुटे

नवभारत न्यूज़

इंदौर. जियोटेक्निकल क्षेत्र के प्रतिष्ठित 12वें इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स (आईएसएफएमजी 2026) का गुरुवार को रेडिसन ब्लू होटल के टर्ज़ाघी हॉल में शुभारंभ हुआ. पांच दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंडियन जियोटेक्निकल सोसायटी (आईजीएस) और आईएसएसएमजीई टीसी220 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी आईआईटी इंदौर कर रहा है।

उद्घाटन समारोह में जल संसाधन मंत्री, मध्यप्रदेश शासन तुलसी राम सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने जल संरचनाओं की सुरक्षा, डैम मॉनिटरिंग, रिजर्वॉयर निगरानी और आधुनिक इंस्ट्रूमेंटेशन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश जैसे राज्य में जहाँ व्यापक नहर और डैम नेटवर्क है, मध्य प्रदेश जैसे राज्य में जहाँ व्यापक जल नेटवर्क है, रियल-टाइम फील्ड मॉनिटरिंग आवश्यक है. सम्मेलन की कन्वीनर प्रो. नीलिमा सत्यम ने स्वागत संबोधन दिया. आईजीएस अध्यक्ष एवं

आईएसएसएमजीई एशिया के उपाध्यक्ष डॉ. अनिल जोसेफ, आईएसएसएमजीई बोर्ड सदस्य डॉ. मारवान अलज़ेलाए, टीसी220 कन्वीनर डॉ. एंड्रयू रिडले और सचिव डॉ. पॉल बार्टन ने जियोटेक्निकल सुरक्षा एवं वैश्विक तकनीकी सहयोग पर विचार रखे. इस अवसर पर आईएसएफएमजी 2026 बुक ऑफ एब्स्ट्रैक्ट्स का विमोचन किया गया, जिसमें 130 से अधिक शोध-पत्रों के सार शामिल हैं. साथ ही लैंडस्लाइड बुक, स्मार्ट सिटी बुक और आईएसएल 2028 की वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया.

250 से ज्यादा विशेषज्ञ भाग ले रहे

सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के 250 से ज्यादा विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। फाइबर-ऑप्टिक सेंसिंग, एआई आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम, लैंडस्लाइड मॉनिटरिंग, बायोजियोटेक्निक्स और स्मार्ट सिटी एप्लीकेशंस जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित होंगे. कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें जियोटेक्निकल मॉनिटरिंग उपकरण और समाधान प्रदर्शित किए गए.

निगमायुक्त ने पौधारोपण के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

नदी एवं तालाब किनारे बांस के पौधे लगाने के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने गुरुवार को शहर के पौधारोपण स्थलों का मौका निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने नदी तालाब किनारे मिट्टी का कटाव रोकने के लिए बांस के पौधे लगाए के अधिकारियों को निर्देश दिए. साथ ही शहर के सभी डिवाइडरों के बीच पौधे लगाकर गेप फीलिंग करने का आदेश भी दिया.

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह शहर के सिरपुर तालाब, माणिक बाग रोड, चोइथराम क्षेत्र, राजीव गांधी चौराहा, नहर भंडारा आदि क्षेत्रों में किए गए पौधारोपण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सिरपुर तालाब किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बांस के पौधे लगाने के निर्देश

दिए गए. आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान सेट पर अधिकारियों को रिंग रोड व अन्य समस्त ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइडर के मध्य गैप फीलिंग को पौधारोपण से भरने के आदेश दिए गए. इसके बाद आयुक्त ने चोइथराम मंडी क्षेत्र, माणिकबाग रोड़ देवी अहिल्या न्यू उद्यान में पौधारोपण की स्थिति का अवलोकन किया. साथ ही पौधों की स्थिति एवं खाली जगहों पर भी पौधारोपण करने के आदेश दिए. आयुक्त द्वारा राजीव गांधी चौराहा एवं नहर भंडारा क्षेत्र के पौधारोपण स्थल पर भी नदी किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बांस के पौधे लगाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव, उद्यान अधिकारी शांतिलाल यादव सहित निगम अधिकारी उपस्थित थे.

बिजली चोरी कर वाटर चिल्ड प्लांट चलाने वाले को एक वर्ष का सश्रम कारावास

नवभारत न्यूज़

इंदौर. सिंचाई लाइन से अवैध रूप से बिजली चोरी कर वाटर चिल्ड प्लांट संचालित करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश एसआर सिनम, बागली न्यायालय ने एक वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है. इसके साथ ही बिजली कंपनी को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 6 लाख 86 हजार 933 रुपये का भुगतान सात दिन में करने का आदेश दिया गया है.

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की विजिलेंस टीम और बागली क्षेत्र के बिजली कर्मचारियों ने 10 अगस्त 2021 को बागली-चापड़ा मार्ग स्थित देवेंद्र सिंह सेंधव के खेत पर कार्रवाई कर बिजली चोरी पकड़ी थी. आरोपी खेत पर वाटर चिल्ड प्लांट संचालित कर रहा था. मामले में बिजली कंपनी की विजिलेंस शाखा ने न्यायालय में साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए. न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आरोपी को कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई. जुर्माना नहीं भरने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा.

साइबर सुरक्षा को लेकर टेक डिफेंडर्स का जागरूकता अभियान शुरू

ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में देंगे प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज़

इंदौर. साइबर सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों और शिक्षकों को जागरूक करने के उद्देश्य से गवर्नमेंट होलकर साइंस कॉलेज, इंदौर के डिपार्टमेंट ऑफ साइबर सिक्योरिटी के छात्रों द्वारा संचालित संस्था टेक डिफेंडर्स ने साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कैंपेन के दूसरे चरण की शुरुआत की है. यह अभियान 6 से 13-14 अगस्त तक विभिन्न स्कूलों में आयोजित किया जाएगा. डिपार्टमेंट की एचओडी प्रमिला कोरी ने बताया कि अभियान के तहत टीम द्वारा अरण्या गांव, डोडी गांव, जावर और देवास क्षेत्र के स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रमों में ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, फिशिंग अटैक, फर्जी लिंक की पहचान, सोशल मीडिया सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा. टीम इंटरैक्टिव सेशन्स के माध्यम से प्रतिभागियों को साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक उपाय भी बताएगी. विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों के प्रति सतर्क रहने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा.

आम लोगों को बनाना है जिम्मेदार-

संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर जागरूकता को बढ़ावा देना और आम लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाना है. यह पहल विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.

पटवारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश पटवारी संघ द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर हड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के सामने भी जिले पटवारी पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर बैठे है. आज पटवारी संघ ने सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है.

प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश दिए थे. इसके बाद कलेक्ट्रेट, नगर निगम, आईडीए, शिक्षा विभाग सहित कई विभागों में पदोन्नति कर दी गई. विभिन्न विभागों में पदोन्नति होने के बाद सरकार ने पटवारियों की पदोन्नति पर कोई आदेश नहीं दिए. इसको लेकर पूरे प्रदेश के पटवारी 4 अगस्त से हड़ताल पर है. इंदौर में भी पटवारी संघ के आह्वान पर पिछले तीन दिनों से कलेक्टर कार्यालय के सामने पटवारी हड़ताल कर रहे है. पटवारियों की मांग है कि कई सालों से पदोन्नति और वेतन भत्ते में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। इसको लेकर हड़ताल की जा रही है. इंदौर के विभिन्न तहसीलों में करीब 350 पटवारी कार्यरत है. पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग से जुड़े, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और खसरा खतौनी के साथ विभिन्न तरह के प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट का काम ठप पड़ा हुआ है. पटवारी संघ के जिला सचिव प्रदीप तिवारी ने कहा कि हमारी पांच प्रमुख मांगे है, जिसमें पदोन्नति और वेतन भत्ते बढ़ोतरी मुख्य है. सरकार द्वारा मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इसके चलते हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल की तरफ बढ़ रही है. मांगे नहीं मानी तो हम काम पर नहीं लौटेंगे.

एक नजर में | इंदौर जीपीओ में शुरू हुई 24 घंटे सेल्फ बुकिंग सुविधा

एक क्लिक में बुक होगी स्पीड पोस्ट, रक्षाबंधन पर डाक विभाग ने बढ़ाई सुविधाएं

नवभारत न्यूज़

इंदौर. डाक विभाग ने रक्षाबंधन से पहले ग्राहकों को आधुनिक और त्वरित सेवाओं की सौगात देते हुए इंदौर जीपीओ में 24 घंटे संचालित होने वाले सेल्फ बुकिंग कियोस्क का शुभारंभ किया है. पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र गौरव श्रीवास्तव ने कियोस्क का उद्घाटन किया. इसके माध्यम से ग्राहक बिना कतार में लगे स्वयं स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक कर सकेंगे. क्यूआर कोड से भुगतान और एसएमएस के जरिए बुकिंग की सूचना जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी.

रक्षाबंधन के मद्देनजर जीपीओ में विशेष राखी स्पीड पोस्ट काउंटर शुरू किया गया है. भोपाल, जबलपुर, रतलाम, नीमच, मंदसौर, खंडवा, खरगोन सहित

सेना की 56 एपीओ और 99 एपीओ के लिए विशेष लेटर बॉक्स भी लगाए गए हैं, ताकि राखियां समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें. डाक विभाग राखी से जुड़े स्पीड पोस्ट आर्टिकल की बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट भी दे रहा है. राखियां देश और विदेश में समयबद्ध पहुंचाने के लिए विशेष अभियान भी शुरू किया गया है. इंदौर परिक्षेत्र के प्रत्येक डाक संभाग में शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए समर्पित मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव नियुक्त किए गए हैं. ग्राहक 5 सितंबर तक व्हाट्सएप या ई-मेल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे.

गिफ्ट बॉक्स भी-डाक विभाग 10 अगस्त से 121 रुपए का विशेष राखी गिफ्ट बॉक्स भी उपलब्ध कराएगा. इसमें एक पारंपरिक राखी, कुमकुम, अक्षत और दो कोकोनट कुकीज़ होंगी. इसकी कीमत में देश के किसी भी स्थान पर स्पीड पोस्ट से भेजने का शुल्क भी शामिल रहेगा. इसके अलावा आईटीपीएस, एयर पार्सल और इंटरनेशनल स्पीड पोस्ट सेवाओं के जरिए राखियां और पार्सल विदेश भेजने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी.

डाक सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि-

कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में इंदौर परिक्षेत्र में डाक सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. जुलाई तक पार्सल बुकिंग में 27 प्रतिशत, स्पीड पोस्ट में 21 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय डाक में 91 प्रतिशत तथा आधार सेवाओं में 93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस अवधि में करीब 24 हजार पासपोर्ट आवेदन संसाधित किए गए, लगभग दो लाख नए खाते खोले गए और 17 हजार से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए. विभाग ने प्राप्त 99 प्रतिशत शिकायतों का भी निराकरण किया है. उन्होंने बताया कि 10 से 13 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली और 11 अगस्त को इंदौर जीपीओ से तिरंगा मार्च निकाला जाएगा. वहीं श्रावण मास में चयनित डाकघरों और प्रमुख शिव मंदिरों पर 250 मिलीलीटर पैक में 30 रुपए में गंगाजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है.